हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

06 जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व...



09 पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई नहीं हो रही...





देवरी मंडी परिसर में खाद कूपन वितरण के दौरान हुई घटना

# किसानों की अनियंत्रित भीड़ से घिरी तहसीलदार ने चलाये हाथ तो मच गया हंगामा, किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी कृषि उपज मण्डी परिसर में विगत सोमवार को खाद कूपन वितरण के दौरान किसानों की अनियंत्रित भीड़ से घिरी महिला तहसीलदार द्वारा हाथ चलाये जाने की घटना को लेकर सोशल मीडिया और राजनैतिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के बाद किसानों ने तहसीलदार देवरी की वाहन घेर लिया और बाद में मण्डी कार्यालय के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम भी किया। मामले को लेकर मचे बवाल में प्रशासन किसानों से मारपीट से इंकार कर रहा है वही विपक्ष इसे किसानों पर अत्याचार करार दे रहा है। मामले को लेकर संबंधित कृषकों द्वारा किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया सामने नही आई है।

रवि सीजन की तैयारियों में जुटे कृषकों के लिए एक बार फिर खाद की समस्या कठिन चुनौती बनी हुई है। किसानो की जीवकोपार्जन के लिए रवि फसलें अहम होने के कारण उनके लिए खाद आपूर्ति भी एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। खाद पाने की चाहत ने अब इसे सामूहिक जोर आजमाइश, और संघर्ष का रूप धारण कर लिया है। स्थानीय कृषि मण्डी परिसर में विगत सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे खाद कूपन के इंतजार कर रहे हजारों कृषकों की भीड़ से घिरी महिला तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया को किसानों की धक्का मुक्की का शिकार होना पड़ा। बिना काउंटर और बिना किसी क्रम के चल रहे इसे कूपन वितरण कार्यक्रम में भीड़ से परेशान महिला तहसीलदार को हाथ चलाने पड़े जिसके बाद हंगामा मच गया। घटना के बाद किसानों के विरोध के चलते प्रसाशन को कूपन वितरण रोकना पड़ा। इस दौरान किसानों ने गाड़ी बैठकर मण्डी परिसर से बाहर जा रही तहसीलदार के वाहन का घेराव किया। और घटना के विरोध में मंडी कार्यालय के सामने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान तहसीलदार प्रतिरानी चौरसिया पुलिस थाने पहुंची जहां वह थाना प्रभारी को साथ लेकर मंडी वापस पहुंची जहां भीड़भाड़ के बीच फिर किसानों के लिए खाद के टोकन का वितरण प्रारंभ किया गया। सोमवार को खाद वितरण की सूचना के बाद रविवार देर रात्रि से ही किसानों ने मंडी परिसर में डेरा डाल लिया था, सुबह होने तक किसानों की संख्या का आंकड़ा हजारों में पहुँच गया, दोपहर में महिला एवं पुरूष किसानों की भीड़ और अधिक हो जाने के कारण उनकी लाईने लगाई जाना भी मुश्किल हो गया जिसके कारण प्रशासन को भीड़ में ही कूपन बांटने पड़े जिसके दौरान महिला तहसीदार द्वारा किसानों पर हाथ चलाये जाने की घटना सामने आई।



## बिना काउंटर महिला अधिकारी कर रही थी वितरण

खाद कूपन वितरण के दौरान जमा हुई हजारों कृषकों की अनियंत्रित भीड़ के बीच महिला अधिकारी को कूपन वितरण के लिए तैनात किया जाना प्रशासन पर कई सवाल खड़े करता है। अनुविभाग में कई पुरूष अधिकारी होने के बाद भी महिला अधिकारी को यह जिम्मेदारी दिया जाना आश्चर्यजनक है। कूपन वितरण के लिए प्रशासन द्वारा न तो किसी प्रकार की तैयारी की कई थी न ही किसानों का कोई क्रम निर्धारित किया गया था। ऐसे में हाथापाई, धक्कामुक्की और असहज स्थिति के लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा।

कूपन वितरण के दौरान किसानों की भीड़ से घिरी महिला तहसीलदार का वीडियों मीडिया एवं सोशल मीडिया पर वायरल है। लोग मामले को लेकर कई प्रकार प्रकार के आरोप लगा रहे है।

## घटना से विपक्ष हमलावर

खाद वितरण को लेकर विपक्ष हमलावर है पूर्व केबिनेट मंत्री हर्ष यादव इसे किसानों का अपमान करार दिया है, उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को खाद आपूर्ति करने में पूर्णतः असफल साबित हुई है, सरकार के अधिकारी किसानों के साथ अभद्रता कर रहे है, उनके साथ मारपीट की जा रही है। कांग्रेस नेता संजय बृजपुरिया ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अंग्रेजों की भांति किसानों में फूट डालने का प्रयास कर रहे हैं और किसानों को आपस में लाडवा रहे हैं, जिससे यह आंदोलन खत्म हो जाए और किसानों को लाइन में लगने के लिए कह रहे हैं आज एसडीएम किसानों पर बड़ी कृपा कर रहे हैं एसडीएम किसानों के हाथ पकड़ कर लाइन में लगा रहे हैं इसके पहले तहसीलदार ने मंडी परिसर में चार किसानों के साथ मारपीट की है उस समय एसडीएम की भावनाएं कहां थी अब किसान बगावत पर उतर आए हैं।

## प्रशासन ने दी सफाई

किसानों से मारपीट के संबंध में एसडीएम का कहना है कि यह कहना बिल्कुल गलत है, लोग भीड़ अनियंत्रित कर रहे थे जो बेरी गेट लगे हैं उनको तोड़ रहे थे जिन्हें सारे लोगों ने समझाइश है और एक महिला किसी के साथ मारपीट करें यह कहना नाजायज है और ऐसा नहीं है। वही मामले में तहसीलदार प्रीतिरानी का कहना है कि ऐसा कुछ भी नही हुआ है, किसान धक्का मुक्की कर रहे थे, उन्हे रोका गया था किसी के साथ मारपीट या अभद्रता की कोई घटना नही हुई है।

## खबर संक्षेप

### खाद्य दुकानों पर छापा मार करवाई में घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में जांच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई। बड़ा बाजार स्थित बांके बिहारी मिष्ठान भंडार पर घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किए जाने के कारण मौके से घरेलू एलपीजी सिलेंडर जप्त किए गए। नाप तौल निरीक्षक द्वारा तौल कांटों का परीक्षण करने पर वे सत्यापित नहीं पाए गए। जिस पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। प्रतिष्ठान संचालक से क्रय एवं विक्रय संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया जाता। निरीक्षण दल में जिला खाद एवं आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल निशांत पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कलेक्टर के निर्देश पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इसी परिपेक्ष्य में एसडीम शाहगढ़ नवीन सिंह ठाकुर के द्वारा शाहगढ़ तहसील के अंतर्गत क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में भारी अनियमिताएं पायी गई जिस पर क्लीनिक को सील किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस न होना, मेडिकल फार्मासिस्ट की अनुउपस्थिति, इंजेक्शन जिन्हें फ्रीज़र में रखना चाइए उन्हें अधिक तापमान में खुले में रखा हुआ, इंजेक्शन में एमआरपी नहीं , बिल बुक नहीं होना, डॉक्टर का भी कोई रजिस्ट्रेशन ना होना, अधिक मात्रा में इंजेक्शन का प्रयोग जैसी अनेक अनियमितताएं पाई गई।

### प्रलेस द्वारा नामवर सिंह व महेंद्र फुसकेले स्मरण संगोष्ठी संपन्न

**सागर।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार, आलोचक डॉ. नामवर सिंह के जनशताब्दी वर्ष एवं स्मृतिशेष साहित्यकार महेंद्र फुसकेले की पुण्यतिथि पर नामवर सिंह एवं महेन्द्र फुसकेले स्मरण संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. गजाधर सागर ने की। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डबरा से पधारे कवि श्याम श्रीवास्तव सनम एवं अशोक फुसकेले थे। संगोष्ठी में लेखक एवं कवि कैलाश तिवारी विकल ,टीकाराम त्रिपाठी, कविता मलैया ने आलेख वाचन किया तथा इकाई सचिव पेट्रिस फुसकेले ने महेन्द्र फुसकेले की प्रकाशित पुस्तक से नामवर सिंह पर लिखा आलेख का वाचन किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किया कि नामवर सिंह जनतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर थे। नामवर सिंह विरोध के ही नहीं विकास के भी समर्थक थे। नामवर सिंह सागर विश्वविद्यालय में जब पदस्थ थे तब वह विश्वविद्यालय एवं शहर में होने वाले साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में भागीदारी करते रहे हैं। स्मृतिशेष महेन्द्र फुसकेले साहित्यकार, लेखक, अधिवक्ता, के साथ दर्शन के ज्ञाता थे।फुसकेले जी ने अपनी लेखनी से सर्वहारा के हितों को दिशा दी। प्रथम सत्र की संगोष्ठी का संचालन वीरेंद्र प्रधान के द्वारा किया गया। संगोष्ठी की द्वितीय सत्र में रचनाकारों द्वारा कहानी पाठ, दोहा पाठ ,गजल एवं काव्य पाठ कर बेहतरीन रचनाओं का पाठन रचनाकार अरुण दुबे, पूरनसिंह राजपूत, डॉ.नमृता फुसकेले, वृंदावन राय सरल ,सतीश पांडे ,डॉ.गजाधर सागर ,डॉ.अनिल जैन, ममता भूरिया ,वीरेंद्र प्रधान, सुमन झुड़ेले ,एम ,शरीफ, मुकेश तिवारी, ज्योति झुड़ेले, डॉ. नलिन जैन निर्मल ,परमानंद अहिरवार आनंद ,डॉ.महेंद्र खरे, श्याम श्रीवास्तव सनम, निरंजना जैन, के. एल. तिवारी अलबेला, म डॉ. बी.पी. उपाध्याय सहित अनेक रचनाकारों ने रचना पाठ किया।



## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में युवा उत्सव का समापन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिनों से संचालित महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का आज उत्साह एवं ऊर्जा के साथ समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह और मेडल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए.के सिंन्हा एवं समस्त प्राध्यापकों के द्वारा वितरित किए गए। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभाशीष प्राप्त प्रदान किया । युवा उत्सव प्रभारी डॉ किशोरी सोनी ने इस प्रोग्राम का संक्षिप्त प्रतिवेदन मंच के सामने प्रस्तुत किया ।रूपांकन विद्या की प्रभारी डॉ मेघा सिंह,साहित्यिक विधा की प्रभारी विनोद बागड़े एवं रंगमंची विद्या के प्रभारी आकाश सेन एवं उनके सहयोगी टीम ने सर्वोत्तम प्रदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी इस अफसर पर उपस्थित थे। महाविद्यालय में पदस्थ डॉ कल सिंह पटेरिया की जो की कुछ महीनो से गुना महाविद्यालय में डेप्लॉयमेंट के आधार पर पदस्थ थे का स्थानांतरण गुना महाविद्यालय होने के कारण उन्हें समस्त महाविद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। उन्होंने इस महाविद्यालय में किए हुए अपने समस्त कार्यों और सबसे प्राप्त सहयोग के बारे में सभी को बताया उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने उन्हें शुभाशीष प्रदान किया आकृति खरे में सभी का आभार व्यक्त किया।

## निगमायुक्त द्वारा लगातार दूसरे दिन किया बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी का निरीक्षण

### 20 हजार रुपए देकर कब्जा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने दूसरे दिन बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी में गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के लिए बनाए गये आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, 20 हजार रुपए जमा कर आवासों पर कब्जा करने एवं आवंटित आवास को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विकय करने की निगम के अधिकारियों के साथ रहवासियों से चर्चा की तथा उनके आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई दो दिन 204 आवासों की जांच की गई जिसमें 73 अपात्र किरायेदार ,103 पात्र व्यक्ति एवं 28 निगम आधिपत्य वाले आवास मिले। निगमायुक्त द्वारा की गई जांच के दौरानकिरायेदारों से चर्चा की उन्होंने बताया कि प्रतिमाह 15 सौ रुपए से 2 हजार रुपए किराया दे रहे हैं निगमायुक्त ने ऐसे सभी आवासों के



दरवाजे पर लाल स्याही से अपात्र लिखवाकर संबंधित व्यक्ति का आवंटन निरस्त करने हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा गरीब परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बाघराज वार्ड में छत्रसाल नगर कालोनी में आवास आवंटन किए थे ,जिसमें अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर एवं केवल 20 हजार रुपए जमाकर कब्जा करने वाले आवासों को निगम का ताला लगाकर आधिपत्य में लिया गया है तथा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध जांच उपरांत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी । जिन व्यक्तियों ने आवास लेकर किराए पर दे दिये हैं तथा गलत तरीके से आवासों को बेच दिया है, ऐसे आवासों के आवंटन को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई राशि राजसात कर किराए की राशि की वसूली भी की जाएगी । निगमायुक्त ने एनाउंसमेंट कर सभी रहवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब किसी भी व्यक्ति को किराए की राशि न दें, क्योंकि यह नगर निगम की संपत्ति है अगर कोई व्यक्ति किराए की मांग करता है तो उसकी सूचना दें जिससे उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके । उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें संबंधित पात्रता रखने वाले किराएदारों द्वारा राशि जमा करने पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

आर्यनश्री पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# पण्डोखर सरकार के दरबार में खोली गई पर्चियां बताये समस्याओं का निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगर के फोरलाईन वायपास स्थित आर्यनश्री पैलेस में आयोजित पण्डोखर सरकार के दिव्य दरबार में आयोजन के दूसरे दिवस हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दौरान अध्यात्मिक संत श्री गुरूशरण शर्मा ने 50 से अधिक पर्चिया खोलकर श्रद्धालुओं को उनकी समस्याये और उसके निदान बताकर सभी को विस्मय में डाल दिया, कार्यक्रम के दौरान पंडाल में पंडोखर सरकार के जयकारे गूंजते रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित आर्यनश्री पैलेस में विगत 2 दिवसों में चल रहे इस अध्यात्मिक समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो रहे है। आयोजन के दूसरे दिवस क्षेत्रवासियों के अतिरिक्त सागर जिले एवं बाहर अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए एकत्र हुए। दरबार में दुसरे दिवस 50 से अधिक पर्चिया खोली गई जिसमें श्रद्धालुओं को उनकी समस्यायें पर्चियों पर अंकित बताई गई एवं उनके उपचार भी बताये गये। दरबार में अधिक श्रद्धालु अपने परिजनों के स्वास्थ, पारिवारिक अशांति सहित प्रेत बाधाओं संबंधी



समस्याओं के निरकारण के लिए आये थे।

## संत बोले ये चमत्कार नही हनुमान जी कृपा है

दरबार में श्रद्धालुओं से बात करते हुए संत श्री गुरूशरण शर्मा पण्डोखर सरकार ने कहा कि यह उनका चमत्कार नही है बल्कि हनुमान जी की कृपा का परिणाम है। वह जो ऊर्जा पण्डोखर सरकार से प्राप्त करते है वह आप सभी की समस्याओं के निराकरण में खर्च कर देते है। उन्होने कहा कि मैं कभी मंदिर निर्माण, यज्ञ हवन के लिए दान नही मांगता, न हाथ फैलाता हू। ये हनुमान जी की अपनी महिमा है कि पण्डोखर धाम में सैकड़ों एकड़ भूमि में बाबा का दिव्य अध्यात्मिक परिसर निर्मित हुआ जिसमें विगत एक दशक से लगातार यज्ञ चल रहा है। जिसमें मानव कल्यार्थ कई बड़े कार्य किये जायेंगे। उन्होने कहा कि यह क्षेत्र मेरा अपना परिवार है मैं कई वर्षो सागर में रहा हू और देवरी नगर का कई बार भ्रमण किया है। पूरे नगर में जगह जगह मंदिर और देव स्थल है इसी कारण इसे देवरी कहा जाता है, यह एक ऐतिहासिक नगर है। उन्होने कहा कि मुझे प्रेरणा हुई थी कि देवरी अवश्य जाना है इसलिए तमाम अफवाहों को दरकिनार कर मैं आपके समक्ष उपस्थित हूं।

## दरबार में पहुंचे जनप्रतिनिधि

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया, पूर्व विधायक सुनील जैन, भाजपा नेता, अनिल ढिमोले, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर,धीरेन्द्र मिश्रा सहित कई जनप्रतिधि दरबार में पहुँचे और संतश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पटैरिया अपने साथियों के साथ दरबार में पहुँचे और संतश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेन्द्र खल्ला सहित कई लोग शामिल थे। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अलकेश जैन, राजू साहू, सुरेन्द्र नामदेव, अतुल जैन, आशीष दुबे, शरद सोनी, अश्वनी पाण्डेय, देशराज गुप्ता, लखन साहू, अशोक यादव, पंकज जैन, संजय वर्मा, संजय अरेले, विजय लोधी, अनिल बिल्थरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## महापौर संगीता तिवारी ने किया श्रमिक खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी जी ने म.प्र. श्रम कल्याण मंडल, सागर संभाग द्वारा आयोजित श्रमिक खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। नगर के खेल परिसर मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में सागर जिले के विभिन्न संस्थानों एवं विभागों से लगभग 800 से अधिक श्रमिक एवं कर्मचारी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि, श्रमिक हमारे समाज की वास्तविक शक्ति हैं। उनकी मेहनत और निष्ठा से ही हमारा शहर निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।महापौर श्रीमती तिवारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, खेल भावना से किया गया प्रयास ही असली विजय है, और ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सौहार्द और सहयोग की भावना और मजबूत होती है। शाम को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जी.एस. चौबे (विभाग संघचालक) धर्मेंद्र चौबे (विभाग प्रमुख), एमके जैन, डीएमए स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. ऋतु जायसवाल, सुधांशु श्रीवास्तव (संचालक वात्सल्य स्कूल), अनिल अवस्थी, संगीता श्रीवास्तव उपस्थित थे।



## परशुराम कल्याण बोर्ड ने किया मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का स्वागत

**सागर।** ब्राह्मण समाज के परशुराम कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के कार्यालय मातेश्वरी पहुंच कर उनका स्वागत किया। मंत्री राजपूत ने सभी पदाधिकारी से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी के माध्यम से समाज का हित होगा एवं नव जागृति आएगी सभी लोग समाज हित में राष्ट्रहित में कार्य करें मेरा सहयोग हमेशा आपके साथ रहेगा। परशुराम कल्याण बोर्ड के संभाग प्रमुख संजीव दुबे, जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया, संद्यमित्रा गुरू, अर्चना तिवारी, शालनी तिवारी, शालनी जारोलिया, चंचल पाठक, रीता शर्मा, एकता खेमरिया, अंजु शर्मा, कल्पना दुबे, प्रीति शर्मा, डॉ.प्रतिज्ञा सिलाकारी, राजेश दुबे, प्रवेश दुबे, प्रशांत आदि उपस्थित रहे।

## आई टी आई सागर में करियर गाइडेंस हेतु कार्यशाला का आयोजन

सागर। शासकीय संभागीय आई टी आई सागर में बीएसएनएल के करियर गाइडेंस हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक,कोपा एवं अन्य व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। बीएसएनएल की ओर से एजीएम श्री सुशील गुप्ता, सब डिविजनल इंजीनियर श्री शैलेश दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों को बीएसएनएल में करियर गाइडेंस और मोटिवेशनल स्पीच देकर अपने विचार साझा किए। संस्था की ओर से प्रशिक्षण अधिकारी सुनील सेन ने कार्यशाला का संचालन किया। प्रशिक्षण अधीक्षक एके डागौर ने बीएसएनएल प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में उद्यमिता अधिकारी नितिन खरे, प्रशिक्षण अधिकारी प्रशांत कोष्ठी, हिमांशु साहू, अमित विश्वकर्मा, सचिन राही, संजय उइके और अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



## दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में सागर के असरार की पेंटिंग को मिली सराहना

**सागर।** शहर के चित्रकार असरार अहमद की पेंटिंग नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में काफी सराही गई। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में प्रकृति जंगल और वन प्राणियों के बीच आदिवासी समुदायों के गहरे संबंध को दर्शाने वाली कला प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के सहयोग से यह प्रदर्शनी आयोजित की थी। इस राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का शीर्षक- 'मौन संवादः हाशिये से केंद्र तक' था। इसमें बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों और उनका संरक्षण करने वाले जंगलों के आसपास रहने वाले आदिवासी समुदायों के कलाकारो के बनाये चित्रों को दिखाया गया इस इस प्रदर्शनी में देश भर के 17 राज्यों से आए है 50- से कलाकारों की लगभग ढाई सों पेंटिंग्स और हस्तशिल्प प्रदर्शनी की है इस प्रदर्शनी में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व नौरादेही के माध्यम से चित्रकार असरार अहमद की वाराह (महावाराह) की पेंटिंग चयनित हुई थी। सागर के पुरातात्विक स्थल ऐरण में वाराह की मूर्ति है। यह पुरातत्व की दृष्टि से अत्य महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



### कवि विद्रोही ने किया जिले का नाम रोशन

**ललितपुर।** युवा कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने कवि सम्मेलन के संयोजन व संचालन के जरिए देश में जिले का नाम रोशन किया है। अभी हाल में ही राजस्थान के बूंदी, नेंनवा में अपनी कवि टीम के साथ जाकर जनपद का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, शाहगढ, मुंगावली के बाद उड़ीसा प्रांत में अपने मंच संचालन, संयोजन के माध्यम से इस जनपद को गौरान्वित किया है। इस समय कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही पूरे हिंदुस्तान में कवि सम्मेलन संचालक, संयोजक रूप में विशेष ख्याति प्राप्त कर चुके है। निरंतर अच्छी कवि टीम के साथ अपने संयोजन को मजबूती के साथ लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे है। अपने जनपद का नाम रोशन करने में उन्हें बहुत खुशी महसूस होती है। इसी माह महाराष्ट्र में औरंगाबाद, जालना में संयोजित कवि सम्मेलन का संचालन करेंगे।

### साबरमती एक्सप्रेस से यात्री का बैग चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरपुर के कमतौल निवासी अध्रत आर्य पुत्र दिनेश सिंह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। अध्रत ने जीआरपी पुलिस को बताया कि बीती 4 सितम्बर को वह ट्रेन नं. 19166 साबरमती एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 की सीट नं. 27 पर मुजफ्फरपुर से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसकी नींद लग गयी, जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका बैग जो कि नीले रंग का था और उसमें एक चार्जर, 8 हजार रुपये नकद, आईसीआईसीआई के दो क्रेडिट कार्ड, एसबीआई के दो क्रेडिट कार्ड, दिल्ली यूनिवर्सिटी की आई.डी., सूरत यूनिवर्सिटी की आई.डी. एक डिपार्मेंट पोस्ट की आई.डी., आधार कार्ड, पैनकार्ड इत्यादि सामान रखा हुआ था, जो कि ललितपुर स्टेशन आने के पहले समय करीब 7 बजे किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दूध-सब्जी लेने जा रहे युवक पर हमला

**ललितपुर।** सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला विष्णुपुरा में हुये खूनी संघर्ष के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायती पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से विष्णुपुरा निवासी बृजेन्द्र कुमार उर्फ बृजू ने बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह करीब सवा नौ बजे वह दूध, सब्जी लेने के लिए जा रहा था। तभी मोहल्ले में रहने वाले रिषव, शनि पुत्रगण लक्ष्मन, सोनू पुत्र कल्लू व लक्ष्मन एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और पुत्री के बाल पकड़कर खींच दिये। घटना के बाद उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के लिए जागरुक करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह अक्टूबर 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की संचारी से सम्बन्धित विभागों ने द्वितीय सप्ताह में अपनी कार्ययोजनानुसार कार्य किया है।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने विभागों द्वारा किए गये कार्यों की विभागवार द्वितीय सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की इन गतिविधियों के माध्यम से जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी ने



डैसबोर्ड से प्राप्त मानीटरिंग फीडबैक प्रस्तुत किया। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के मानीटरिंग फीडबैक की समीक्षा करते हुए एडीएम ने एसएमओ (डब्लू.एच.ओ.) एवं डी.एम.सी. यूनीसेफ को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रतिदिन के मानीटरिंग फीडबैक को प्रतिदिन सीएमओ को उपलब्ध करायें, जिससे कोई भी कमी होने पर उसमें तत्काल आवश्यक सुधार की कार्यवाही कराई जा सके। जिससे जनपद की रैंक प्रदेश में उच्च स्तर पर बनी रह सके। सभी गतिविधियां माइक्रोप्लान अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में अपर सीएमओ, बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, डीपीआरओ, नगर विकास विभाग, सीडीपीओ, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, एस.एम.ओ., डब्लू.एच.ओ., डी.एम.सी.यूनीसेफ, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

# मतदान व मतगणना के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**ललितपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ की अधिसूचना 15 सितम्बर 2025 के अनुक्रम में कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी न.नि. के सार्वजनिक नोटिस 18 सितम्बर 2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद उपनिर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार मतदान 15 अक्टूबर 2025 (दिन बुधवार) को समय पूर्वान्ह 07 से अपरान्ह 05 बजे तक होना सुनिश्चित है एवं मतगणना 17 अक्टूबर 2025 (दिन शुक्रवार) को समय सुबह 08 बजे से समाप्ति तक मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति अमरपुर में सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में आबकारी आयुक्त उ.प्र. की अधिसूचना 10 सितम्बर 1999 द्वारा प्रकाशित उ.प्र. आबकारी (संशोधन) नियमावली 1999 में प्रावधान है कि यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन में हो, तो उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 08 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, देशी शराब, ताड़ी और भांग की समस्त लाइसेन्स प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेन्स, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घण्टे पूर्व की अवधि के दौरान बन्द रहेंगे। अतएव जिला मजिस्ट्रेट अमनदीप डुली आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 में प्रदत्त शास्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश दिया है कि उपबन्धित प्राविधान के अनुसार जनपद में नगर पालिका परिषद तथा उसके चारों ओर 08 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडलशाप, एफ.एल.-7 बार एवं भांग की फुटकर दुकानों तथा समस्त थोक अनुज्ञापनों से मादक वस्तुओं की बिक्री मतदान दिवस 15 अक्टूबर 2025 को मतदान समाप्ति के नियत समय सांय 05 बजे से 48 घण्टे पूर्व अर्थात 13 अक्टूबर को सांय 05 बजे से 15 अक्टूबर 2025 को मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना 17 अक्टूबर 2025 को मतगणना प्रारम्भ से मतगणना समाप्ति तक पूर्णतः बन्द रखी जायेगी। इस बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नही होगा।

### मासूम की मौत के बाद कार्रवाई

# बिना पंजीयन की क्लीनिक संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**ललितपुर।** जिले के बांसी क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित दिव्यांशी क्लीनिक के संचालक डा.रवि वर्मा के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई क्लीनिक में इलाज के दौरान बीती 09 सितंबर 2025 को एक बालिका रोगी की कथित मौत और अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने के आरोप में की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(3) और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 की धारा 15(3) के तहत थाना जखौरा में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 256/2025 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से जारी पत्रांक 520/2025-26 दिनांक 10 अक्टूबर 2025 के माध्यम से चौकी थाना प्रभारी बांसी को यह शिकायत भेजी गई थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।जांच समिति का गठन- बालिका रोगी की मौत की घटना के बाद, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने डा.धर्मेन्द्र मौर्या, डा.जितेन्द्र कुमार और डा.राहुल जायसवाल की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद पत्रांक 429/2025-26 दिनांक 11 सितम्बर 2025 के माध्यम से डा.रवि वर्मा को क्लीनिक सील करने हेतु सूचित किया गया था।

#### जिलाधिकारी का हस्तक्षेप

इस मामले की सूचना जिलाधिकारी को भी दी गई थी। जिलाधिकारी ने 11 सितम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक, प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिकता के अनुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

#### जांच रिपोर्ट में गंभीर निष्कर्ष

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, ललितपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर को भेजी गई जाँच आख्या (पत्रांक 488/2025-26, दिनांक 29 सितम्बर 2025) में डा.रवि वर्मा के कृत्य को आपराधिक बताया गया है। जाँच समिति के निष्कर्षों में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गईं, जिनमें पंजीकरण का अभाव-डा.रवि वर्मा ने क्लीनिक का पंजीकरण नहीं कराया था। अमानक उपचार- क्लीनिक में आने वाले रोगियों के पर्चा पर चिकित्सा परामर्श और औषधियों का विवरण-वितरण अंकित नहीं किया जा रहा था। लापरवाही- रोगी को जेन्टामाईसिल इंजेक्शन के बिना किसी साइड इफेक्ट जांच के दिया जाना पाया गया।

#### कानूनी कार्रवाई

जांच समिति के निष्कर्षों और जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में, बिना पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय में संलग्न डा.रवि वर्मा पुत्र यू.आर. वर्मा के विरुद्ध निम्नलिखित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(3), यह धारा धोखाधड़ी से संबंधित है। (उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बीएनएस 318 धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसका उपखंड (3) उन मामलों से संबंधित है जहाँ व्यक्ति यह जानते हुए धोखा देता है कि वह उस व्यक्ति को गलत तरीके से नुकसान पहुंचा सकता है जिसके लेनदेन में उसका हित है, और जिसे वह कानूनी रूप से रक्षा के लिए बाध्य था।), इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 की धारा 15(3), यह धारा ऐसे व्यक्ति द्वारा आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति का व्यवसाय करने पर रोक लगाती है, जिसका नाम राज्य चिकित्सा रजिस्टर में दर्ज न हो। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जाँच शुरू कर दी है।

### पिस्टल, लुहांगी से मारने का प्रयास

# तमंचा लिये बुद्धमानसिंह को पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना जखौरा अन्तर्गत ग्राम बसवां में रहने वाले कल्लू सिंह पुत्र वीरभान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके खेत की मेड से लगा खेत राजा बाबू पुत्र लोकपाल सिंह का है। 10 अक्टूबर को उसकी भैंसे उसके ही खेत पर चर रहीं थीं। अपराह्न करीब 3 बजे उसकी भैंस खेत की मेड पर थी। तभी राजा बाबू ने उसकी भैंस को लाठी-डण्डा मारने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसने जब राजा बाबू को रोका तो राजाबाबू अपने हाथ में कुल्हाड़ी लिये, पिस्टल लिये बुद्धमान पुत्र लोकपाल व लुहांगी लिये संजय पुत्र लोकपाल आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर जान से मारने को आमादा हो गये। बुद्धमान जो कि पिस्टल लिये था, वह जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। घटना के बाद जांच करने पहुंचे उप निरीक्षक अरूण कुमार, उ.नि.प्रेमशंकर, हे.कां.अरविन्द कुमार, कां.सतीश कुमार ने बुद्धमानसिंह को निचली राजघाट नहर कूड़ाघर ग्राम पंचायत गुरसौरा के गेट के पास से धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का डबल बैरल अवैध देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने बुद्धमान सिंह के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जे का प्रयास, मना करने पर मारपीट

## घटवार में हुए विवाद को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

घटवार में हुये विवाद को लेकर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से लीलादेवी पत्नी हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे वह अपने परिवार के साथ वेदी निर्माण कार्य में थी, उसके पति खाना खाने आये हुये थे। तभी पिसनारी निवासी सुरेश कुशवाहा पुत्र रूपलाल, घटवार निवासी जानकी प्रसाद, लक्ष्मन, हरकिशन पुत्रगण हजारीलाल, रामदेवी पत्नी लक्ष्मन, लाड़कुंवर पत्नी जानकी, जगतदेवी पत्नी हरकिशन व राजीव पुत्र हरकिशन एकराय होकर आये और स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जा करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके पति हरप्रसाद से गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि कुल्हाड़ी, सरिया, डण्डे और बल्लियों से मारपीट कर दी। चीखपुकार होने परवह अपने बड़े जेठ जयराम कुशवाहा, पुत्र हेमन्त भागकर पहुंचे, तो उक्त लोगों ने सभी पर हमला करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### शौचक्रिया को गयी महिला से अश्लीलता

थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 15 सितम्बर को शाम करीब 7 बजे अपने खेत में शौच क्रिया करने गयी हुयी थी। वहां पहले से मौजूद पड़ौस के राजू पुत्र दयाराम यादव ने आकर अश्लील बातें करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर राजू ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और ले जाने लगा। वह चिल्लायी तो उसका पति तज्जू पुत्र कलुआ दौड़कर मौके पर पहुंचा, जहां उसने ललकारा तो राजू गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

थाना बार अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न करीब 12 बजे वह पुरानी बाखर में गयी थी। इस समय घर में उसकी 19 वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब वह लौटकर आयी तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। खोजबीन करने पर पुत्री का कोई पता नहीं चला। महिला का आरोप है कि ग्राम दौलता निवासी शिवा पुत्र विजय वंशकार उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शिवा वंशकार के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

# महाविद्यालय में गुड टच-बैड टच के बारे में बताया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महर्रा विद्यालय में गुड टच एवं बैड टच विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डा.सुनील जैन ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही यह जानकारी दी जानी चाहिए कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित (गुड टच) है और कौन-सा असुरक्षित (बैड टच)। इससे वे किसी भी अनुचित परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग बन सकते हैं।

मुख्य वक्ता प्रीति जैन एवं भावना सेन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों से खुलकर संवाद करना चाहिए और किसी भी अनुचित व्यवहार का विरोध करने में संकोच नहीं करना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी की और विषय से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक एनएसएस संयोजक रामसेवक चंद्राकर एवं राकेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। कॉलेज के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं सदस्य उपस्थित रहे। आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और आत्मसंरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

### समर्पित सेवा मंडल द्वारा धर्म संसद का आयोजन किया गया

# धर्म संसद में लव जिहाद से सतर्क रहने व सामाजिक समरसता के साथ सनातन संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

समर्पित सेवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को नगर के कामधेनू मंगल वाटिका में विराट धर्म संसद का भव्य आयोजन किया गया।

इस धर्म संसद का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों के निवारण, लव जिहाद जैसी सामाजिक विकृतियों पर चिंतन तथा हिंदू समाज में एकता और जागरूकता लाना रहा। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संचालन डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने किया, जबकि आयोजन में शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, डॉ. मिथिलेश दांगी, राधिका शरण दास और सौरभ सिंह राजपूत की प्रमुख भूमिका रही।





**विदिशा।** धर्म संसद में शहर सहित वृंदावन से आए संत महंत भी हुए शामिल।

#### ईश्वर की निंदा के करने वालों को सजा देने के लिए कठोर कानून बनाया जाना चाहिए

हिंद प्रहरी संगठन के संस्थापक सौरभ सिंह राजपूत ने कहा कि देश की संसद में ईश्वर की निंदा के विरुद्ध कठोर कानून बनाया जाना चाहिए ताकि सनातन धर्म का अपमान करने वालों को दंड मिल सके। वृंदावन से पधारे पंडित विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है जब धर्मावलंबियों को जागना होगा। अन्यथा लव जिहाद जैसी कुप्रवृत्तियां आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट बन जाएंगी। महंत अनिलानंद महाराज ने कहा कि विप्र वर्ग का दायित्व है कि वह सभी वर्णों को एक सूत्र में बांधे, क्योंकि भगवान के प्रत्येक अवतार का मूल उद्देश्य विप्र और गौ रक्षा रहा है। डॉ. चतुर नारायण पाराशर ने कहा कि प्रत्येक नगर में धर्म संसद का आयोजन होना चाहिए ताकि सनातन की अलख जन-जन तक पहुंचे। बटुक महाराज ने धर्म संसद के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### टीम ने पुराने कपड़े बर्तन, खिलौने जुटाए




**विदिशा।** रविवार को आसरा अपनों की टीम द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुराने कपड़े, बर्तन एवं खिलौने एकत्रित किए गए। यह शिविर नीमताल गांधी प्रतिमा के पास लगाया गया था।

आसरा अपनों का टीम पिछले चार वर्षों से इस तरह के शिविर लगाकर जरूरतमंदों के लिए सामग्री एकत्रित करती आ रही है। एकत्रित सामग्री को गरीब बस्तियों में जाकर वितरित किया जाता है। आसरा अपनों का के संस्थापक आदर्श तिवारी के साथ देव शर्मा, राजा यादव, हिमांशु विश्वकर्मा और ऋषि शिवहरे भी मौजूद थे।

# एनएमएमएस की परीक्षा में 83% छात्र उपस्थित रहे

## 14 केंद्रों पर 4996 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में रविवार को राष्ट्रीय-मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6017 छात्रों को शामिल होना था, जिनमें से 4996 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार, जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 83.03 दर्ज किया गया। जिला शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार कुरवाई ब्लॉक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की गई। यहां 609 में से 553 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जो 90.8 प्रतिशत रहा। वहीं, लटेरी ब्लॉक में सबसे कम उपस्थिति रही, जहां 875 में से केवल 626 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। यह उपस्थिति 71.54 प्रतिशत रही। अन्य ब्लॉकों में बासोदा में 87.25 प्रतिशत, ग्यारसपुर में 87.44 प्रतिशत, नटेरन में 80.36 प्रतिशत, सिरोंज में 81.91 प्रतिशत और विदिशा ब्लॉक में 85.46 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

#### चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**विदिशा।** जिले के 4 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उमरिया जिले में आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भोपाल संभाग की टीम में विदिशा के चार खिलाड़ियों ने जगह बनाई है।

### कलेक्टर ने सुनी 190 लोगों की फरियाद, एक घंटे बाद तक चली जनसुनवाई

# पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई नहीं हो रही, कलेक्ट्रेट में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोगों को अपने काम के लिए सफर न करना पड़े इस उद्देश्य से पंचायत मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मगर इस निर्देश की पालना जिले में ठीक से नहीं हो रही है जिसके चलते जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में भीड़ कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। मंगलवार को भी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 190 लोगों की सुनवाई की जो उन्हें निर्धारित समय से 1 घंटे बाद तक करनी पड़ी।

इसमें अधिक समय लगने के कारण कलेक्टर और दूसरे अधिकारियों को अन्य विभागीय कामों को समय सीमा में निपटाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गगन मीणा ने सभी पंचायत और राजस्व अमले को अपने-अपने पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित रहकर जनसुनवाई के निर्देश दिए।

मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए मूकबधिर दो वर्षीय बालिका के कॉकलीयर इम्प्लांट उपचार हेतु शासन की योजना के तहत साढे 6 लाख रूपये की उपचार सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार सात वर्षीय बालक को आंखो के उपचार के संबंध में परीक्षण हेतु मार्गव्यय के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से सात हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चैक सौपा गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।



#### इलाज के लिए 7 हजार ओर बीपीएल सूची में जुड़ेगा नाम

जनसुनवाई में आए सात वर्षीय बालक के पिता महेश मीणा निवासी प्रेमपुरा हवेली ने बताया कि बालक का उपचार एम्स में कराया गया है। वह बेहद गरीब है जिससे फोलोअप के को जाने के लिए उसके पास किराया तक नहीं है। कलेक्टर ने उसे रेडक्रास से 7 हजार रुपए और बालक को दिव्यांग पेंशन का लाभ देने तथा बालक के परिवार का नाम बीपीएल सूची में जोडने के निर्देश भी दिये गये।

#### पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई के लिए गाइड लाइन

1. जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों, आवेदन एवं समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर समाधान किया जाए।
2 जनसुनवाई के दौरान प्राप्त जो प्रकरण पटवारी स्तर पर निराकरण योग्य नहीं हैं, उन्हें संबंधित राजस्व निरीक्षक/नायब तहसीलदार/तहसीलदार को तत्काल अग्रेषित किया जाये।
3. जनसुनवाई के आयोजन एवं कार्यवाही का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रत्येक बुधवार तक तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये।
4. किसी भी परिस्थिति में पटवारी अनुपस्थित नहीं रहेंगे। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश अनुपस्थित होना आवश्यक हो, तो पूर्व अनुमति तहसीलदार से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### चंद्रपुरा में धरने पर बैठे ग्रामीण बोले-जब तक नहीं होगी सुनवाई तब तक चलेगा प्रदर्शन

## प्रशासन ने नहीं की सुनवाई तो टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




प्रशासन को कई बार समस्याओं के निदान की उम्मीद को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपे। लेकिन प्रशासन ने ग्रामीणों की पांच समस्याओं में से एक भी समस्याओ को लेकर सुनवाई नहीं करी। इससे नाराज होकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। यह मामला श्योपुर विकासखंड के ग्राम चंद्रपुरा का है। जहां के ग्रामीण प्रशासन पर उनकी समस्याओं की सुनवाई न करने का आरोप लगाकर मंगलवार को चंद्रपुरा के तालाब के पास टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए है। इस धरना प्रदर्शन में नजदीकी गांव भैरूखेडी के ग्रामीण भी समर्थन देने के लिए पहुंच गए है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि जब तक हमारी मांगों पर प्रशासन सुनवाई नहीं करेगा,तब तक हम धरने पर बैठे रहेगे।

श्योपुर बडौदा मार्ग पर स्थित ग्राम चंद्रपुरा में तालाब के पास मंगलवार को ग्रामीणों ने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। इसमें धरने में गांव के बुजुर्ग से लेकर युवा लोग भी शामिल है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि हमने चंद्रपुरा की आदिवासी बस्ती में मुक्तिधाम बनाए जाने की मांग के लेकर प्रशासन को ज्ञापन दिया। ताकि आदिवासी बस्त के लोगों को अंतिम संस्कार करने के लिए परेशान न होना पडे। ज्ञापन सौपने के बाद प्रशासन ने इस संबंध में मुक्तिधाम बनाए जाने की कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया और फिर इंजीनियर भी मौके पर पहुंचा,जिसने दो तीन दिन में काम शुरू किए जाने का भरोसा दिलाया।मगर कई दिन बीतने के बाद भी मुक्तिधाम का निर्माण आज तक नहीं हो सका है। चंद्रपुरा के तालाब को सुंदरता बढाए जाने के लिए ग्रामीण सडक पर उतरकर चक्काजाम तक चुके है, लेकिन इसके बाद भी चंद्रपुरा तालाब की सुंदरता बढाने के लिए एक पत्थर भी इधर से उठाकर उधर नहीं रखा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह दो समस्या नहीं है,बल्कि चंद्रपुरा की नल जल योजना को सुचारू रूप से चलाए जाने, भैरूखेडी में मुक्तिधाम के रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने तथा 35 गांव नहर परियोजना की सीबीआई से जांच कराए जाने जैसे मामले को लेकर भी प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौपे गए। मगर सुनवाई अभी तक नही हो पाई है। लिहाजा यह समस्याएं जस की तस बनी हैं।

### देहात थाना क्षेत्र में कलमी गांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा

## आमने-सामने से कार व बाइक की भिड़ंत में ताऊ ससुर और बहू की मौत, दामाद हुआ गंभीर घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र स्थित टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे पर मंगलवार की सुबह 11 बजे के आसपास कलमी गांव के पास एक बाइक और कार की आमने सामने से जोरदार भिडंत हो गई।

इस भिडंत में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ताऊ ससुर और बहू शामिल है। जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। देहात थाना पुलिस ने पीएम के बाद दोनो मृतको के शवों को उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया और कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि बरगवां थाना क्षेत्र के गांव दुबडी निवासी ताऊ ससुर कूका 40 वर्ष पुत्र आमला पटेलिया तथा उसके छोटे भाई के बेटे महेश पटेलिया की पत्नी दिवली पटेरिया 19 वर्ष तथा इनका दामाद ओमकार पटेलिया 37 वर्ष निवासी करियादेह मंगलवार को बाइक सवार होकर श्योपुर से दुबडी के लिए जा रहे थे।

कलमी गांव से थोडा आगे इनकी बाइक को सामने से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक टक्कर लगने के बाद पलटी खाते हुए हाइवे से नीचे जा गिरी,वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक सवार कूका पटेलिया की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि दिवाली पटेलिया और ओमकार पटेलिया गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दिवाली पटेलिया को भी मृत घोषित कर दिया और ओमकार पटेलिया को भर्ती करके उसका इलाज शुरू कर दिया है।

इस मामले में महेश पटेलिया निवासी दुबडी की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया और पीएम के बाद दोनों के शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए।

#### एक साल पहले हुई थी दिवली की शादी

इस सडक हादसे में अपनी जान गंवाने वाली दिवली पटेलिया नव विवाहिता थी। जिसकी करीब सालभर पहले ही महेश पटेलिया के साथ शादी हुई थी। बताया गया है कि यह सभी लोग यहां श्योपुर में रहकर मजदूरी करते थे और दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए यह सभी लोग अपने गांव दुबडी जा रहे थे। तभी रास्ते सडक हादसे का शिकार हो गए।

## दिव्यांगता पढ़ाई में बाधा नहीं बने इसकी चिंता सरकार ने कीः विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दिव्यंता पढ़ाई लिखाई में बाधा न बने इसकी चिंता डबल इंजन की सरकार ने की है। इसी क्रम में आज यह शिविर आयोजित किया गया है। यह बात पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ने नगर पालिका ऑडिटोरियम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किए गए शिविर का मुख्य अतिथि की हैसियत से शुभारंभ करते हुए कही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर मंगलवार को नपा ऑडिटोरियम में चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया, शिविर आए दिव्याग बच्चो में से 101 बच्चो को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया, शिविर में 20 दिव्यांग बच्चों के मौके पर ही चिकित्सीय बोर्ड द्वारा दिव्यांग दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, रामलखन नापा खेडली, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने की। शिविर में बीईओ मधु शर्मा, बीआरसी हरिशंकर बाथम, एपीसी राकेश शर्मा, राम अवतार शर्मा, एमआरसी मोहम्मद यूसुफ ने सराहनीय योगदान दिया।

### श्योपुर में दो दुकानों से लिए चार सैंपल

**श्योपुर।** मंगलवार को फूड सेफ्टी विभाग द्वारा श्योपुर में दो मिष्ठान भण्डारो से खाद्य सामग्री के 04 सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है। सैम्पलों को जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि तिरूपति दूध डेयरी नर्सरी के सामने पाली रोड श्योपुर से मावा, पनीर तथा गर्ग मावा भण्डार आईसीआईसीआई बैंक के सामने शिवपुरी रोड श्योपुर से मावा एवं घी के सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है।



## नाली में नहीं सड़क पर ओवरफ्लो होकर बह रहा पानी, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



वार्ड क्रमांक 2 कोली चौक में नाली का पानी दिन भर सड़क पर ओवरफ्लो होकर बहता रहता है, इससे राहगीरों को परेशानी आ रही है, वार्ड वासियों का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से कई बार कर दी है लेकिन नाले की सफाई ठीक से नहीं होने के कारण पानी नाले से ओवरफ्लो होकर होकर सड़क पर बहता है।

वार्ड में रहने वाले शकील कुरैशी ने बताया कि हरिजन बस्ती से आने वाला नाला अब्बासियों के रास्ते के पास ओवरफ्लो होकर हमेशा सड़क पर बहता रहता है जिससे चौक में पानी भर जाता है उधर छारबाग टीला मोहल्ला की ओर से आने वाला पानी सिद्दीक की चक्की के पास से नाली में से ओवरफ्लो होकर चौक पर भर जाता है इसी तरह गोलू के मकान के आगे चैनल से भी पानी और ओवरफ्लो होकर चौक में भर जाता है। इससे चौक में कई बार पानी ऐसे भर जाता है जैसा बाढ़ के समय परता है।

खास बात यह है कि इस रास्ते पर गुप्तेश्वर मंदिर को आने जाने वाले श्रद्धालु रोज उसी समय गुजरते हैं जिस समय नालों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता है यह पानी पेयजल सप्लाई के समय अधिक रहता है। नमाज पढ़ने जाने वालों को भी इस गंदे पानी के सड़क पर फैलने की वजह से परेशानी हो रही है। वार्ड वासियों का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत कई बार पार्षद से की है लेकिन नाले की सफाई ठीक से नहीं होने के कारण यह समस्या आ रही है। उधर वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि महावीर बाल्मिक का कहना है कि वार्ड नं 2 में नालों की सफाई नियमित नहीं हो रही है।

इस संबंध में मैं कई बार सीएमओ को लिखित व मौखिक रूप से बता चुका हूं। अगर मेरे वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो मैं जनहित के लिए धरने पर भी बैठ सकता हूं।

## दीपावली पर व्यापार के साथ-साथ जिम्मेदारी का बोझ भी बढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




इन दिनों बाजार में दीपावली की खरीदारी बढ़ गई है जिसके चलते व्यापारियों में खुशी का माहौल है लेकिन अन्य लोगों की जिम्मेदारी भी इस दीपावली महोत्सव के पहले की जाने वाली तैयारी के चलते बड़ी हुई दिख रही है। जिसका नजारा इन दिनों शहर के बाजारों में अल सुबह खूब देखने को मिल रहा है। दुकानदार बेचे जाने वाले सामान से उतारी गई पेकिंग दुकानों के आगे या इधर-उधर फेंक देते हैं जिन्हें समेटकर टचिंग ग्राउंड में भेजने की जिम्मेदारी नपा का सफाई अमला इन दिनों अधिक करता दिखाई पड़ रहा है।

दीपावली हिंदुओं का सबसे बड़ा और मुख्य त्यौहार माना जाता है इस त्यौहार पर न सिर्फ लोग नए कपड़े नए सिलवाते हैं बल्कि घर दुकानों प्रतिष्ठानों की रंगा पुताई करने उसे सजाने संवारने का काम भी करते हैं। इन दिनों घरों के साफ-सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है, सामान बेचने के लिए सड़क पर नए ठेले स्टोर लग गए हैं जिन्हें काबू में करने के लिए पुलिस प्रशासन को खूब मशक्कत करना पड़ रही है उधर दुकानदारों की बढ़ जाने वाली बिक्री का असर सफाई कर्मियों पर विपरीत रूप से पढ़ रहा है सफाई कर्मी अल सुबह सफाई करने जब बाजार में जाते हैं तो उन्हें कचरे के अतिरिक्त ढेर पड़े मिलते हैं जिन्हें भरकर टचिंग ग्राउंड ले जाने के लिए उन्हें अलग अतिरिक्त मशक्कत भी करनी पड़ रही है।

### धन तेरस के साथ 18 अक्टूबर से होगी दीपावली के त्यौहार की शुरुआत

# इस बार भी छह दिन तक छाया रहेगा दीपोत्सव का उल्लास, दो दिन होगा लक्ष्मी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इस बार भी दीपोत्सव का पर्व पांच दिनों के बजाय छह दिनों का होगा। इसलिए दीपोत्सव का उल्लास पूरे छह दिन तक छाया रहेगा। वजह यह है कि इस बार भी अमावस्या तिथि दो दिन तक रहेगी। ऐसे में 20 अक्टूबर और 21 अक्टूबर को दो दिन लक्ष्मीपूजन होगा। यह लगातार दूसरा साल है,जब लक्ष्मी पूजन दो दिन तक होगा,क्योंकि पिछले साल भी लक्ष्मी पूजन दो दिन तक हुआ था। दीपोत्सव की शुरूआत इस साल 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ होगी।

वैसे तो दीपावली के त्यौहार का उल्लास पांच दिन तक छाया रहता है,क्योंकि इसकी शुरूआत धनतेरस से होगी और भाईदूज को इस पर्व का समापन होता है। लेकिन यह लगातार चौथा साल है, जब दीपोत्सव पांच दिन की जगह छह दिनों का हो रहा है। पिछले साल भी अमावस्या तिथि दो दिन थी। इसी प्रकार 2023 में भी अमावस्या तिथि दो दिन थी और दिवाली के अगले दिन सोमवती अमावस्या, स्नानदान अमावस्या थी। 2022 में दिवाली के अगले दिन सूर्यग्रहण होने के कारण भी भाईदूज तीसरे दिन मनी थी। अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर सोमवार को दोपहर से आएगी और 21 अक्टूबर मंगलवार शाम तक रहेगी। पंडितों का कहना है कि मां महालक्ष्मी की पूजा प्रदोष काल, महानिशा काल में की जाती है। कई पंडितो ने पंचागों का हवाला देते हुए तर्क दिया है कि 20 अक्टूबर को पूरी रात अमावस्या तिथि मौजूद रहेगी, इसलिए 20 अक्टूबर को ही महालक्ष्मी पूजा करना श्रेष्ठ रहेगा। अगले दिन उदयातिथि की अमावस्या रहेगी, इसलिए इस दिन स्नानदान अमावस्या का संयोग रहेगा। जबकि कुछ पंडितों ने पंचागो को लेकर यह भी तर्क दिया है कि अमावस्या तिथि दो दिन 20 और 21 अक्टूबर को रहेगी तथा दोनो दिन प्रदोषकाल रहेगे। इसलिए दूसरे दिन रहने वाला प्रदोषकाल को मान्य किया जाता है,इसलिए 21 अक्टूबर को भी महालक्ष्मी पूजन करना शुभ रहेगा।



#### तिथि बढ़ने के कारण बनती है स्थिति

पंडितों का कहना है कि हिंदू पंचांग, कैलेंडर के हिसाब से कई बार एक तिथि दो दिन तक रहती है, इसलिए ऐसी स्थिति बनती है। इस बार अमावस्या भी 20 अक्टूबर दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर आएगी और 21 अक्टूबर शाम 5:59 तक रहेगी। शास्त्रों में व्यवस्था है कि अमावस्या, पूर्णिमा, सहित कुछ तिथियां ऐसी हैं जो रात्रिकालीन मानी जाती है। रात्रि में जब यह तिथियां मौजूद रहती है, तभी पर्व मनाया जाता है। पिछले साल भी अमावस्या दो दिन थी।

#### 2026 में होगा अधिकमास, इसलिए भी बढ़ रही तिथियां

पं चंद्रप्रकाश शास्त्री ने बताया कि अगले साल 2026 में अधिक मास होगा। यह भी तिथियों के बढने का एक कारण है। इस वजह से भी इस साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि दो दिन आ रही है। तिथियां के इस तरह घटने और बढने के कारण 2026 में अधिकमास होगा वर्ष 2026 में अधिक मास रविवार, 17 मई 2026 को प्रारंभ होगा तथा सोमवार, 15 जून 2026 को समाप्त होगा। बता दें कि हर साल तीन के अंतराल में एक अधिक मास होता है। इसलिए 2026 में अधिक मास जेठ के महीने में होगा,पिछली बार वर्ष 2023 में अधिक मास हुआ था तथा सावन के दो महीने हुए थे।

#### दीपोत्सव में कब क्या

- -18 अक्टूबर धन तेरस
- -19 अक्टूबर नरक चतुर्दर्शी
- -20 अक्टूबर दिवाली, लक्ष्मीपूजा
- -21 अक्टूबर स्नानदान अमावस्या
- -22 अक्टूबर गोवर्धन पूजा
- -23 अक्टूबर भाई दूज

## दूध बेचकर घर लौट रहे युवक को एक राय होकर पीटा, चार पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दूध बेचकर घर लौट रहे एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट कर दी। यह मामला शहर के सलापुरा क्षेत्र का है। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सलापुरा निवासी सुरेन्द्र गुर्जर पुत्र घनश्याम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार की सुबह करीब पौने दस बजे के जब वह दूध बेचकर घर लौट रहा था,तभी सलापुरा में राम राठौर की दुकान के पास मुझे विष्णु गुर्जर,राममुकेश गुर्जर, विशाल गुर्जर, सियाराम गुर्जर ने रोक लिया और एक दिन पहले हुए विवाद को लेकर गाली गलौच शुरू कर दी।

गालियां देने से मना किया तो विष्णु ने मेरे सिर में बांट उठाकर मार दिया,जिससे सिर लहूलुहान हो गया। रामकेश, विशाल और सियाराम ने भी लाठी डंडो से मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्र की रिपोर्ट पर चारो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

#### एक लाख और बाइक न लाने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला, केस दर्ज

**श्योपुर।** एक विवाहिता को उसके चार साल के बेटे के साथ उसके पति ने इसलिए प्रताडित करते हुए घर से निकाल दिया,क्योंकि वह दहेज में एक बाइक और एक लाख रूपए लाने की मांग पूरी नहीं कर सकी थी। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बगडुआ निवासी छोटी बाई की शादी कुछ साल पहले ग्राम गुहेडा निवासी रामरूप मीणा के साथ हुई थी। शादी के बाद इनके एक बच्चा भी हो गया। विवाहिता ने महिला थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति रामरूप मीणा ने उसे एक लाख रूपए और एक बाइक न लाने पर प्रताडित करते हुए चार साल के बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। विवाहिता की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से 24 वर्षीय नवविवाहिता की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतग्रत ग्राम मदउखेडी निवासी रवीना सेहरिया पति अरविंद सेहरिया उम्र 24 वर्ष को उस समय सर्प ने डस लिया जब सुबह सोकर उठी थी और सुलभ करने के लिए घर के बाडे में गई थी। उसी दौरान सर्प ने उसके पैर में डस लिया। तबीयत खराब होने पर परिवारजन उसे उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होने के कारण मुंगावली से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल में सर्प दंश से पीड़ति महिला की मौत हो गई। मृतिका महिला के 3 छोटे बच्चे होना बताया गया है। मृत्यु की जानकारी मिलने पर परिवारजनों में शोक छा गया और नव विवाहिता के मायके ग्राम छीरखेड़ा में सूचना दी गई। जब छीरखेडा से महिला के मायके के परिवारजन जिला अस्पताल पहुंचे तब उक्त महिला का शव परीक्षण डॉक्टरों की टीम से करवाया गया और मृतिका के शव को उनके परिवार जनों को सौंप दिया गया।

### करंट लगने से 7 वर्षीय बालक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम मढ़ी महिदपुर निवासी समर पुत्र सुनील यादव उम्र 7 वर्ष अपने घर की छत पर अपनी बहन के साथ खेल रहा था। उसी दौरान उसे करंट लग गया, करंट लगने के बाद परिवार जन बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलने पर अस्पताल चैकी द्वारा बालक का शव परीक्षण कराया और संबंधित थाने को सूचित किया। मृतक बालक का शव परिवारजनों को सौंप दिया।

### राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी जांच के आदेश जारी किए

**ईसागढ़।** नगर के बहु चर्चित सर्वे क्रमांक 205/3 का रखवा 0.042 हैक्टर के स्थान पर राजस्व रिकॉर्ड में ओवर राइटिंग कर 0.042 हैक्टर के स्थान पर बढ़ा कर 0.084 हैक्टर कर दिया गया था। उक्त प्रकरण की शिकायत कलेक्टर अशोकनगर से शिकायत की गई। जिसमें कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच के आदेश दिए गए थे। मामले संज्ञान में लेते हुए आरआई पटवारी द्वारा जांच कराई जा रही है जिसमें तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी किया है। इस प्रकरण में सबसे बड़ी बात यह है कि बंदोबस्त के समय में शासन ने जिन सर्वे नंबरों का रकबा जो था उसमें कोई भी व्यक्ति एक इंच आगे पीछे नहीं कर सकता लेकिन उक्त भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी कर चार विसवा को आठ विसवा रिकॉर्ड में हेराफेरी कर बढ़ा दिया गया। बढ़ाने से पहले यह भूल गए कि सर्वे नंबर 205 का मूल रकबा चैदह विसवा ही है। आज के वर्तमान खसरों को देखने पर पता चला है कि उक्त रकबा उन्नीस विषवा का हो गया है जबकि उक्त रकबे को भारत के संविधान के अनुसार एक इंच भी आगे पीछे नहीं कर सकता। वर्तमान में सिंधिया तिराह के नजदीक करोड़ों की बेशकीमती जमीन पर जो निर्माण हो रहा है आखिर वो जमीन शासन की है या किसी खातेदार की है इसकी जांच प्रचलित है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केलारस निवासी वीरभान जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उत्थी अहिरवार, हरिराम अहिरवार, राजाबाबू अहिरवार, थोबन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हरीराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीरभान जाटव, अंकेश जाटव , चन्द्रभान और अनिल जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ मोहल्ला चंदेरी निवासी नरेन्द्र रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमर सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाकरोड़ निवासी रिंकू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेवेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

गर्ल्स कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय युवा उत्सव का हुआ समापन

# युवा अपनी प्रतिभा से देश की तस्वीर बदल सकता है: डॉक्टर दीपमाला






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय युवा उत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। अंतिम दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। छात्रा प्रियंका बंसल के द्वारा मां सरस्वती वंदना की गई।

युवा उत्सव के अंतिम दिवस कोलाज, पोस्टर निर्माण, एकल नृत्य और समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। एकल नृत्य और समूह नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि प्रतिभावान छात्राएं अपनी प्रस्तुति मंच पर देकर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर दीपमाला सिंह ने कहा कि युवा बदलेंगे तो देश बदलेगा। युवा अपनी प्रतिभा से देश की तस्वीर बदल सकता है। मंच संचालन नीता नामदेव एवं मनीता राजपूत द्वारा किया गया।

## छात्राओं ने एकल नृत्य और समूह नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

### ऑपरेशन सिंदूर विषय पर हुई कोलाज प्रतियोगिता

मंगलवार को हुई पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता पारंपरिक औषधियों वनस्पतियों पर आधारित रही। जिसके माध्यम से प्राचीन काल से चली आ रही वनस्पतियों के औषधीय चित्र बनाकर हमारी पुरानी औषधीय के बारे में लोगों को जागरूक किया। कोलाज का विषय ऑपरेशन सिंदूर पर रहा। छात्राओं ने न्यूज पेपर कटिंग के माध्यम से भारत द्वारा विगत कुछ माह पहले चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर एवं उसकी विजय की गाथा को प्रदर्शित किया।

### परिणाम इस प्रकार रहे

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान कुशवाहा, द्वितीय देवंती लोधी एवं तृतीय स्थान पर सुरभि दांगी और भूमिका मांझी रही। कोलाज प्रतियोगिता में भूमिका मांझी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में अंजलि साहू प्रथम एवं प्रियंका बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। समूह नृत्य में अंजलि विश्वकर्मा एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में तीन दिवसीय युवा उत्सव की समस्त प्रतियोगिताओं के परिणाम प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर द्वारा सभी छात्राओं को घोषित किए गए। साथ ही प्राचार्य के द्वारा छात्राओं को जिला स्तर में सहभागिता के लिए प्रेरणा एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन एवं आभार डॉक्टर रश्मि द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर उमा लावनिया, डॉक्टर रश्मि जैन, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ दिनेश राय, यशवंत शर्मा, नवीन नामदेव, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, प्रशांत कुशवाहा, डॉ अमन आर्य कार्यालयीन स्टाफ एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

---



आखिर कब तक लगेगी कचरे में आग?

## आग के धुंए से फैल रहा प्रदूषण राहगीरों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

दीपावली के त्यौहार पर घरों की सफाई होने से अधिक कचरा निकल रहा है। जिसे व्यवस्थित नष्ट करने की जगह नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा उसमें आग लगाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। जिस कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है। मंगलवार को सब्जी मंडी के पास कचरे में आग लगाई गई। जिसका धुंआ काफी दूर से दिखाई दिया गया। वहीं पास से ही निकल रहे राहगीर आग और धुंआ से परेशान नजर आए। मौके पर मौजूद कर्मचारियों का कहना था कि आग पब्लिक ने लगाई है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि यदि आग पब्लिक के द्वारा लगाई गई तो नपा के कर्मचारी मूक दर्शक बन तमाशा क्यूं देखता रहा। कर्मचारियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास क्यों नहीं किया गया।

## शहर में आज निकलेगा पथ संचलन

**बीना।** शहर के मुख्य मार्गों से होकर आज पथ संचलन निकाला जाएगा। पथ संचालन का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। देवेंद्र राय ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ का पथ संचलन पांचजन्य संघ कार्यालय क्रमांक 1 स्कूल प्रांगण से दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ होकर कॉलेज तिराहा, गांधी चौराहा, पुराना बस स्टैंड, बडी बजरिया, मुख्य बाजार, जागेश्वरी मंदिर, सर्वोदय चौक से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 पर समापन होगा। कार्यक्रम में नगर के स्वयंसेवक कदम से कदम मिला कर घोष की धुन पर संचलन करते हुए निकलेंगे। शताब्दी वर्ष के संचलन को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है। संचलन के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा नगर के उत्साही वर्ग द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रात सह प्रांत प्रचारक श्रवण भाई साहब का बौद्धिक प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयं सेवकों में उत्साह का वातावरण है और नगर में बस्ती योजना से भी संघ के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम आयोजित किए गए।

---

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखित आवेदन देकर की शिकायत

# श्री आनंदपुर ट्रस्ट के महात्मा सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद पर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

जिले की ईसागढ़ विकासखंड में स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट अध्यात्म स्थल है जहां देश विदेश से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं लेकिन इन दिनों श्री आनंदपुर ट्रस्ट के महात्मा सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद की मनमानी से ट्रस्ट के वरिष्ठ महात्माओं को पद से पृथक कर दिया जिससे ट्रस्ट में नित्य कोई न कोई घटना घटित हो रही है। वही क्षेत्र के ग्रामीण जन भी महात्मा सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद की तानाशाही से परेशान है जिसको लेकर ग्रामीण पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास और उन्होंने लिखित आवेदन देकर ट्रस्ट की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। और यहां परम्परा के विपरीत कार्य करने वाले महात्माओं को हटाए जाने की मांग की गई है। क्योंकि यहां की शांति भंग हो रही है यदि समय रहते कोई कार्यवाही नहीं की गई तो अध्यात्म स्थल श्री आनंदपुर ट्रस्ट विवाद का केन्द्र बन जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि जब से श्री आनंदपुर में सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद महात्मा की मनमानी चल रही है तभी से ट्रस्ट के महात्मा और ग्रामीण क्षेत्र की जनता परेशान हो रही है यहां अनुशासन में कमी आई है जिसके कारण आए दिन ट्रस्ट के अंदर और बाहर विवाद उत्पन्न हो रहे हैं जो लगातार जनता के बीच कई मुद्दे निकल कर सामने आ रहे हैं। इसके लिए सरपंच ग्राम पंचायत श्यामांटोरी और फुटेरा नयागांव सरपंच द्वारा भी मांग की गई है कि सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद महात्मा की तानाशाही और मनमानी पर शासन प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई तो क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन और श्री आनंदपुर ट्रस्ट की होगी।






## ग्रामीणों ने जो आरोप लगाए हैं वो इस प्रकार से हैं

- सुरेन्द्र महात्मा उर्फ शब्द विवेकानंद जो श्री आनंदपुर ट्रस्ट में 2020 में भगत बनकर आया था मात्र 5 वर्षों में आज श्री आनंदपुर ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी सेकेट्री बनकर बैठा है जबकि इससे पहले डींग मंडी रोड हरियाणा ऐलनाबाद के पास ढाबा चलाता था इस पर हरियाणा में दो अपराधिक प्रकरण दर्ज है।
- सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद महात्मा ने वरिष्ठ महात्माओं को पद से हटाकर अपने परिवार रिश्तेदार और समाज के लोगो को प्रमुख स्थानों का चैधरी इंचार्ज बना दिया है जिन महात्माओं को पद से हटाया वो ट्रस्ट में करीब 30 से 35 वर्षों से सेवा कर रहे थे उनमें ज्ञानप्रकाश, रामकुमार, नवनीत और अनिल महात्मा है जिन्होंने इसका विरोध किया है।
- प्रीतम भगत जो इन दिनों अतिथि भवन का इंचार्ज है यह हरियाणा पुलिस विभाग में पदस्थ था जहां भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त हुआ और बाद में श्री आनंदपुर ट्रस्ट का भगत बना जो अब ट्रस्ट में निरंकुश शासन चला रहा है।
- प्रीतम भगत का साढू भजनलाल को प्रशांतनगर का चौधरी बनाया है।
- सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद महात्मा के बड़े भाई श्यामलाल पुत्र मिलाबाराम को दयालपुर चक का चैधरी बना दिया है।
- ट्रस्ट के महत्वपूर्ण विभाग कृषि, वर्कशॉप, और बोरिंग विभाग में भतीजे प्रेम को जिम्मेदार इंचार्ज बना रखा है।
- सुरेन्द्र उर्फ शब्द विवेकानंद महात्मा की मनमानी से प्रताड़ित क्षेत्र की जनता की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिनकी शिकायत थाना ईसागढ़ में दर्ज है और कुछ न्यायालय में प्रकरण दर्ज है।
- सुरेन्द्र महात्मा और प्रीतम भगत अपने अपने परिवार के साथ ट्रस्ट परिसर में रह रहे हैं जबकि ट्रस्ट की परंपरा में कोई भी महात्मा परिवार सहित ट्रस्ट में नहीं रहता और ट्रस्ट की दान राशि अपने निजी कार्य पर खर्च किया जा रहा है जिसमे अपने बच्चों को विद्यालय में आने जाने के लिए ट्रस्ट का वाहन प्रयोग किया जा रहा है।

---

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त विभागीय लक्ष्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनावार लक्ष्यों के निर्धारण हेतु विभागीय अधिकारी कार्ययोजना तैयार कर कार्य करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारी को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण सूचकांक विश्लेषण की प्रमुख गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। गैर संचारी रोग, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा सिकल सेल के तहत आवश्यक निर्देशों के तहत कार्य किए जाएं। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विलेज एक्शन प्लान, आदि सेवा केंद्रों की स्थापना तथा आदि सहयोगियों के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड बनाए जाने तथा लंबित जाति प्रमाण पत्रों के आवेदनों पर त्वकरित कार्यवाही कर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन के तहत अधोसंरचनात्मक कार्यों में गति लाए जाने तथा गति शक्ति पोर्टल एवं गूगल सीट को अपडेट रखें जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में शासकीय योजनाओं की प्रगति में जिले को बेहतर स्थान पर लाकर विभागों की ग्रेडिंग में उच्च स्थान प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान प्राप्त समीक्षा के बिंदुओं पर विस्तृत विभागवार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को अपेक्षित अद्यतन जानकारी अपडेट किए जाने हेतु निर्देशित किया। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत विभागों की ग्रेडिंग में आवश्यक सुधार लाए जाने हेतु शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विषयों को विभागीय अधिकारी द्वारा कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने विभागों को प्राप्त होने वाले योजनावार बजट एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी आगामी टीएल बैठक में समीक्षा हेतु उपलब्धल कराए जाने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री के भ्रमण तथा जनसुनवाई के दौरान प्राप्तज आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आवश्य क निर्देश दिए। उन्हों ने एकल सेवा पोर्टल के लंबित आवेदनों का विभागवार निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने इस दौरान कार्यालयों की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य कराने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में गौशालाओं के संचालन, गौवंशों की उपलब्ध्ता,भूसा की व्यवस्था, परामर्शदात्री समितियों की बैठकों का आयोजन, राहवीर योजना, छात्रावासों के निरीक्षण, विभागों को भूमि आवंटन, अर्द्धशासकीय पत्रों पर की गई कार्यवाही के संबंध में समीक्षा कर आवश्योक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य् कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोशस्कर, डिप्टी कलेक्टर मनीष धनगर, एस.डी.एम अशोकनगर बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।


---

समयसार शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में युवा विद्वान बन रहे सब के आर्कषण का केन्द्र

# 'मोह के साथ योग खतरनाक है, मोह रहित अवस्था में ही योग बनता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुगव मुनि सुधासागर जी महाराज ने समयसार शिक्षण प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मोह के साथ योग खतरनाक है मोह रहित अवस्था में ही योग बनता है, उपयोग के पहले योग की स्थिति बनना चाहिए। सरल रेखा कहने में जितनी सरल लगती है खींचना में उतनी ही कठिन है उसको खींचना बहुत कठिन काम है। मुनि श्री ने कहा कि द्रव्य क्षेत्र काल भाव सही होगा तब कहीं सरल रेखा खिंचेगी। इसके लिए कागज पेन ड्राइंग बोंड स्केल पट्टी की आवश्यकता होती है इतनी सारी चीजें हो तब कहीं सरल रेखा खिंचेगी। इसमें भी यदि हाथ हिल गया टेबिल हिल गई तो भी सरल रेखा नहीं खिंच पायेगी। ऐसे ही तुम्हारी आत्मा में भगवान बनने की ताकत है ऐसे आत्मा को पाने के लिए सब कुछ सरल रेखा की तरह सरल लगता है लेकिन आत्मा को पाना बहुत कठिन है। सब कुछ सरल लगते हुए भी सरल रेखा बहुत आसान लगती है लेकिन पाना बहुत कठिन है इसके लिए भी बहुत पुरुषार्थ की आवश्यकता है।





### सुखी रहें सब जीव जगत के कोई कभी ना घबराएं

उन्होंने कहा कि संत हर समय जगत के कल्याण की ही तो भावना करते रहते हैं सुखी रहें सब जीव कोई कभी न घवरावे। सुख दुःख से भगवान ऊपर उठ गये। गुरु को मालूम है गुरु तुम्हारे घर जाता है पहले सुनता है। गुरु कुछ नहीं चाहता फिर कह दिया कि गुरु सब कुछ है भगवान बहुत बढ़ी शक्ति है फिर भी आपने भगवान के स्थान पर गुरु के रूप में चयन कर लिया। गुरु आपके दोषों को निकाल कर गुणों की स्थापना करते हैं।

### मोह संसार का कारण नहीं असंयम संसार का कारण है

उन्होंने कहा कि-मोह संसार का कारण नहीं है असंयम संसार का कारण है। अविरती हटने पर मोह हटता है मोह के कारण हमारे ज्ञान का पर्दा नहीं उठता। जीव अज्ञानी ही बना रहता है अकेला मोहनीय कर्म संसार का नहीं है जो अभाव में सद्भाव की अनुभूति का प्रसंग चल रहा है। यह चार प्रकार के होते हैं अत्यंताभाव जो कभी नहीं होगा, अनयोदया भाव प्रागभाव और प्रधंसाभाव। दूध में दही का दर्शन करने वाला समयसार ग्रन्थ है द्रव्य तो दूध में भी है और दही में भी है दूध से दही भिन्न का स्वभाव भी बदल जाता ह। आप ऐसी दशा बना लो जिसमें आपको भविष्य के दर्शन हो जाए। कहीं निश्चय नए शेख चिल्ली की कहानी तो नहीं जो कुछ भी नहीं मिलेगा। यह कल्पनाओ की उड़ान तो नहीं प्रागभाव में अपनी ही भावी पर्याय को देख रहा है। राजकुमार राजा बनने के गुण सीखता है तव कहीं वह राजा बन पाता है। ऐसे ही अपनी भावी पर्याय को ध्यान करता रहता है। हजारों बार ऐसा करने पर वह एक दिन सिद्धांत को प्राप्त कर लेगा।

### समयसार ग्रन्थ की गाथाएं सुनाकर सबको आकर्षित कर रही युवा पीढ़ी

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में चल रहे श्री समयसार शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे सांगानेर जयपुर के युवा विद्वान एवं विदुशी की क्षमताओ से सारा देश प्रभावित हो रहा है। जब यह युवा समयसार जी कि गाथाओं को सुनाते हैं तो लगता है कि आने वाले समय में भी शास्त्रो के गुण रहस्यो को खोलने बाली भावी पीढ़ी परम पूज्य गुरुदेव के पास तैयार हो रही है जो इस देश की श्रमण संस्कृति को आगे बढ़ायेगी। इस दौरान आज प्रातः काल की वेला मे जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा परम पूज्य गुरुदेव द्वारा करवाई गई।